हरिभूमि
जीटी रोड भूमि
रोहतक, सोमवार,20 मई 2024

तापमान
अधिकतम 45 .6 डिग्री
न्यूनतम 26 .3 डिग्री

12 मतदान का न्योता दे रहे बीएलओ

12 बजरंग भवन में लगाया गया शिविर

खबर संक्षेप

पानीपत में नहर में डूबी युवती

पानीपत। पानीपत में 19 साल की एक युवती नहर में डूब गई। पुराना औद्योगिक थाना पुलिस को दी शिकायत में कविता निवासी शक्ति नगर ने बताया कि उसका पति रामपाल ई-रिक्शा चलाता है। वह दो बच्चों की मां है। जिसमें बड़ा बेटा 21 साल का सन्नी है, जो 18 अप्रैल को घर से बाहर खेलने गया हुआ था। जोकि शाम तक वापस नहीं लौटा। बेटे को ढूंढ़ने के लिए वह अपनी बेटी 19 वर्षीय शालू के साथ घर से निकली थी। बेटे को ढूंढ़ते-ढूंढ़ते पक्की नहर गढ़ी सिकंदरपुर चले गए। जहां नहर किनारे मां-बेटी सन्नी को तलाश रहे थे। तलाशते हुए अचानक शालू का पैर फिसल गया। जिससे वह नहर में गिर गई। नहर में गिरती ही वह पानी में डूब गई। वहीं पुलिस ने शालू की तलाश शुरू करवा दी है।

सिठाना में मंदिर से तिजोरी चोरी

पानीपत। पानीपत के गांव सिठाना में मंदिर से चोर एक लाख नकदी से भरी तिजौरी चोरी कर ले गए। करनाल की पालम कालोनी निवासी शमशेर ने बताया कि वह हाल में पानीपत के सिठाना गांव स्थित ऊं शिव ऊं पुरा मंदिर व आश्रम में रहता है। वही, चोर मंदिर से तिजौरी चोरी कर ले गए, तिजौरी में एक लाख रूपये अधिक रकम थी। शमशेर की शिकायत पर थाना सदर पुलिस ने चोरी के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

हत्या के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

अंबाला। थाना पडाव में दर्ज हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी सुमित व महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी सुमित कुमार को रिमांड पर लिया है। पांची जट्टान के संदीप कुमार ने 17 मई 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि उसका भाई दीपक उर्फ सीटू 15 मई 2024 को पैसों के लेन-देन के लिए अम्बाला आया था। इसके बाद वह अंबाला छावनी बस स्टैंड से कही गुम हो गया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। बाद में उसकी लाश मिली थी।

जीव जंतुओं को गर्मी से बचाने के लिए चिड़ियाघर में किए व्यापक प्रबंध

शेर, शेरनी और शावक गर्मी से बचने के लिए ले रहे कूलर की हवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- गर्मी के चलते जीव जंतुओं की डाइट में किया गया बदलाव

जीव जंतुओं को गर्मी से बचाने के लिए पिपली चिड़ियाघर में व्यापक प्रबंध किए गए हैं। इतना ही नहीं गर्मी के चलते जीव जंतुओं की बैरक में भी बदलाव किया गया है। जीव जंतुओं की छतों को बोरियों से ढका गया है। वहीं बाड़ों के आगे चिक लगाई गई है, ताकि सीधी धूप बाड़ों के अंदर न घुस सके। बाड़ों के ऊपर नियमित रूप से पानी का छिड़काव किया जाता है। जीव जंतुओं को रोजाना तीन बजे प्रेशर वाले पंप से नहलाया जाता है, ताकि जीव जंतुओं को गर्मी से राहत मिल सके। जीव जंतुओं के स्वास्थ्य की नियमित जांच की जाती है। वैटनरी सर्जन सप्ताह में दो बार जीव जंतुओं की जांच करने के लिए चिड़ियाघर में आते हैं।शेर शेरनी और तीन शावकों के बाड़े में कूलर लगाए गए हैं, ताकि उन्हें गर्मी से राहत मिल सके। चिड़ियाघर के कर्मचारी नियमित रूप से शेर शेरनी व शावकों के बाड़ों में लगे कूलरों की जांच करते हैं और रोजाना उनके अंदर ताजा पानी डाला जाता है। उन्हें रोजाना डाइट में मटन व चिकन दिया जा रहा है। गर्मी के चलते उनकी डाइट में कमी की गई है।

शेर शेरनी के बाड़े के बाहर लगा कूलर।

चिड़ियाघर में बनाए गए पानी के कुंड

चिड़ियाघर के अंदर पानी के कुंड बनाए गए हैं। जीव जंतुओं के बाड़ों के बाहर व खुले में कुंड बनाकर उनमें पानी डाला गया है, ताकि जीव जंतु कुंड से पानी पी सकें। वहीं कर्मचारी बाड़ों के अंदर जीव जंतुओं को नियमित रूप से उन्हें पानी ाी उपलब्ध करा रहे हैं। वहीं जीव जंतुओं को धूप से बचाने के लिए बाड़ों के आगे चिक लगाई गई है। ताकि सीधी धूप बाड़ों के अंदर ना आ सके। चिक लगने से हवा क्रास होती है और जीव जंतुओं को गर्मी से राहत मिलती है।

जीव जंतुओं को दिया जा रहा इलेक्ट्रोलाइट ओआरएस

जीव जंतुओं को रोजाना इलेक्ट्रोलाइट, ओआरएस घोल दिया जा रहा है। चिड़ियाघर में रहने वाले साी जीव जंतुओं को गर्मी से बचाने के लिए नियमित रूप से यह घोल दिया जा रहा है। इलेक्ट्रोलाइट ओआरएस शरीर में पानी की कमी को ाी पूरा करता है। वहीं यह घोल जीव जंतुओं को गर्मी से बचाने में मदद भी करता है।

चिड़ियाघर में 14 अलग अलग प्रजातियों के 64 जीवजंतु

चिड़ियाघर में 14 अलग अलग प्रजातियों के 64 जीव जंतु हैं, जिनमें प्रमुख रूप से शेर शेरनी व तीन शावक, पैंथर, लक्कडबग्गा, गीदड़, सांर, काला हिरण, हिपो, लंगूर, मोर, लाल जंगली मुर्गा सहित अन्य जीव जंतु हैं। साी जीव जंतुओं के लिए चिड़ियाघर की ओर से उनके रहने के लिए बाड़ों और पिंजरों की व्यवस्था की गई है।

धूप से बचाव के लिए चिक लगाई गई

इस बारे में जब चिड़ियाघर के प्रारी वन्य जीव जंतु निरीक्षक देवेंद्र कुमार से उनका पक्ष जाना गया तो उन्होंने बताया कि चिड़ियाघर में रहने वाले जीव जंतुओं को गर्मी से बचाने के लिए व्यापक व्यवस्था की गई है। मासांहारी जंतुओं के बाड़ों के आगे कूलर की व्यवस्था की गई है, वहीं अन्य जीव जंतुओं के बाड़ों के बाहर धूप से बचाव के लिए चिक लगाई गई है। बाड़ों की छतों के ऊपर प्रतिदिन पानी का छिडकाव किया जाता है और जीव जंतुओं को प्रतिदिन स्नान कराया जाता है। जीव जंतुओं की सप्ताह में दो बार मेडिकल जांच की जाती है।

गर्मी की तपिश में झुलसने लगे लोग

दिनभर गर्मी की तपिश व उमस से लोग रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- तापमान पहुंचा 44 के पार, गर्मी से बचने के लिए पेड़ों की छांव में बैठने को मजबूर

पिछले एक सप्ताह से जिले में पड़ रही गर्मी की तपिश व उमस ने लोगों को हलकान कर दिया है। रविवार को भी लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिली और दिन भर लोग गर्मी की तपिश से बचने के लिए मारे-मारे घूमते रहे। वहीं, बच्चों, महिलाओं व बुजुर्गों का गर्मी के मारे बुरा हाल रहा। गर्मी की तपिश बढ़ने से रविवार को जिले का अधिकतम तापमान 44 डिग्री व न्यूनतम 27 डिग्री सेल्सियस रहा।

रविवार सुबह सूर्य देव के दर्शन होते ही गर्मी की तपिश बढ़ने लगी। इसके बाद जैसे-जैसे दिन बढ़ता गया मौसम में तापमान बढ़ता गया। आलम यह रहा कि दोपहर के समय बाजार सुनसान हो गए और लोग गर्मी से बचने के लिए या तो पेड़ों की छांव में बैठने को मजबूर हो गए या फिर घरों में बैठकर पंखा झोलने को मजबूर हुए। कुछ युवकों ने नहरों व तालाबों का रुख किया और नहाकर गर्मी से बचने का प्रयास किया।

यमुनानगर में रविवार को दोपहर के समय पार्क में पेड़ों की छांव में बैठकर गर्मी से राहत पाते लोग।

सब्जी की फसलें भी लगी झुलसने

सब्जी उत्पादक रणधीर कश्यप, मनबीर सिंह, श्योपाल, कुलदीप सिंह व रामकुमार आदि का कहना है कि पिछले कई दिन से मौसम में गर्मी की तपिश बढ़ रही है। जिसकी वजह से उनकी गन्ना, चारा समेत अन्य फसलों को नुकसान हो रहा है। गर्मी के मौसम में दिन के समय वह फसलों में सिंचाई नहीं कर पाते हैं और रात्रि के समय बिजली के नहीं आने से वह फसलों की सिंचाई नहीं हो पा रही है। यदि वह दिन में गर्मी की तपिश में सब्जी की फसलों की सिंचाई करते हैं तो फसलों के नष्ट होने की आशंका रहती है। क्योंकि कम तापमान में ही सब्जी की फसलों की सिंचाई की जाती है। यदि अगले कुछ दिन तक गर्मी की तपिश इसी तरह बढ़ती रही तो उन्हें गन्ने समेत अन्य फसलों में भारी नुकसान होने की संभावना है। रविवार को जिले का अधिकतम तापमान 44 डिग्री व न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस रहा। जिससे दिन भर मौसम में गर्मी के साथ-साथ मौसम में उमस बनी रही।

शराबी ने पत्नी व भाभी पर दरात से किया हमला

इसराना थाना पुलिस ने केस दर्ज किया

पानीपत। पानीपत के गांव परढाणा में एक शराबी ने अपनी पत्नी और भाभी को दरात से हमला किया। वही, इसराना थाना पुलिस को दी शिकायत में महिला नितिका ने बताया कि वह गांव परढाणा की रहने वाली है। उसका पति अरुण, ऑटो चलाता है। वह रोजाना शाम को शराब पीकर घर पर आता है। उसके साथ गाली-गलौज व मारपीट करता है। जिसने 12 मई को उसके साथ मारपीट की थी। लेकिन, इस बारे में उसने कहीं शिकायत नहीं की थी। 14 मई को वह घर पर काम कर रही थी। शाम करीब 6 बजे उसका पति अरूण शराब पीकर घर पर आयात्र7। जिसने घर पर आते ही उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। गाली गलौज का विरोध करने पर उसने दरात उठा ली। जो उसने पेट, छाती और कुल्हे पर मारी। पत्नी अपने बचाव में वहां से दौड़कर जेठानी के कमरे में चली गई। पति भी पीछे-पीछे वहां आ गया। जेठानी लच्छो ने बीच-बचाव किया तो उसके पति ने उस पर भी तेजधार हथियार से हमला कर दिया। पति ने उसे भी हाथ, सिर और छाती पर चोट पहुंचाई। जिससे वह बेहोश होकर नीचे गिर गई। मौके पर जेठ संजय आ गया। जिसे देख वह मौके से फरार हो गया।

टेंपो व ऑटो रिक्शा टकराए, एक युवक की मौत, छह लड़कियां घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

- हादसा पानीपत पुलिस लाइन के पास हुआ

पानीपत में जीटी रोड पर तेज रफ्तार टेंपो ट्रैवलर लोडिंग ऑटो से टकरा गया। हादसा होता देख ड्राइवर पहले ही नीचे कूद गया। आगे बैठे एक लड़के की मौत हो गई, जबकि 6 लड़कियां गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसा पुलिस लाइन के पास हुआ। ट्रैवलर सवार लोग कैथल से पेपर देने के बाद दिल्ली लौट रहे थे। वही, दिल्ली के अशोक नगर की रहने वाली शालू त्यागी ने सेक्टर-29 थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 18 मई की सुबह वह अपना प्रैक्टिकल पेपर देने के लिए कैथल के राजौंद स्थित एक कॉलेज गई थी। उसके साथ एक ट्रैवलर बस में अन्य छात्राएं भी मौजूद थीं। जब वे पानीपत में जीटी रोड पर पहुंचे तो उनकी बस के ड्राइवर मुख्तयार अहमद ने बस को बड़ी तेज रफ्तार, व लापरवाही से कट मारा। उसे सभी ने समझाया भी। इसके बाद भी वह नहीं माना। शाम करीब साढ़े 4 बजे जब बस पानीपत पुलिस लाइन से दिल्ली की तरफ जा रहे थे तो यहां भी बस चालक ने बहुत तेज गति से चलाकर बस का कट मारा। इसके बाद बस जीटी रोड पर खराब खड़े एक लोडिंग वाहन में जा टकराई। जिससे बस में बैठे मैनेजर उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद निवासी मनीष शर्मा के अलावा अन्य छात्राएं भी घायल हो गईं। सभी को एक निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने मैनेजर मनीष को मृत घोषित कर दिया।

इलेक्ट्रॉनिक दुकान का शटर तोड़कर की चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस ने किया मामला दर्ज

शहर के पुराना हमीदा स्थित प्रवीण ऑटो इलेक्ट्रॉनिक दुकान का शटर तोड़कर चोरों ने हजारों रुपये का सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार पुराना हमीदा निवासी प्रवीण ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी कॉलोनी में ही प्रवीण ऑटो इलेक्ट्रॉनिक के नाम से दुकान है। बीती देर शाम वह रोज की तरह दुकान बंद करके घर चला गया था। जब सुबह वह वापस दुकान पर आया तो शटर का लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर दुकान से ट्रक की 11 बैंटरी गायब मिली। इसके साथ ही दुकान से अन्य सामान भी गायब था। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

बोलेरो की टक्कर लगने से बाइक सवार की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- पुलिस ने आरोपी बोलेरो चालक के खिलाफ किया मामला दर्ज

जिले के साढ़ौरा में बजाज एजेंसी के नजदीक बोलेरो गाड़ी की टक्कर लगने से बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात बोलेरो चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव ढ़लौर निवासी रामकरण ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका पिता 74 वर्षीय रामेश्वर बाइक पर किसी काम से साढ़ौरा जा रहा था। जब वह कस्बा में बजाज एजेंसी के पास पहुंचा तो सामने से तेज गति से आ रही बोलेरो गाड़ी ने उसके पिता की बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में उसका पिता गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोपी बोलेरो चालक मौके से फरार हो गया।

आसपास के लोगों ने उसके पिता को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।

पुलिस ने शव को कब्ज में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

एक किलो अफीम के साथ प्रवासी काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- सप्लाई करने आया था अंबाला

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस लगातार मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों पर शिकंजा कस रही है। अब पुलिस ने एक किलो अफीम के साथ एक आरोपी को काबू किया है। दरअसल सीआईए वन को सूचना मिली कि अंबाला शहर में अफीम की बड़ी खेप पहुंची है। इस खेप को पकड़ने के लिए पुलिस ने योजना बनाई। इसके लिए सर्विस रोड जंडली फ्लाईओवर शमशान घाट के पास नाकाबंदी कर जांच शुरू की। जांच के दौरान ही पुलिस ने यूपीके बंदायू जिले के गांव जिंसीनगला के आरोपी नरेंद्र को काबू किया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 1 किलोग्राम अफीम जब्त की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी अफीम की सप्लाई करने के लिए अंबाला आया था। मगर इससे पहले ही पुलिस ने आरोपी को काबू कर लिया।

अंबाला। अफीम तस्करीके आरोप में काबू किया गया आरोपी। फोटो : हरिभूमि

कबूतरबाजी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

अंबाला। थाना सेक्टर-9 में दर्ज कबूतरबाजी के मामले में पुलिस ने आरोपी अंकुश राज उर्फ छोटू को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पहले गिरफ्तार आरोपी रोहित कुमार ने दौरान पूछताछ बतलाया कि अंकुश राज उर्फ छोटू भी इस मामले में संलिप्त है।

परिवादी सुखचैन सिंह ने 1 जून 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी रोहित कुमार व अन्य ने उसे विदेश भेजने के मामले में उससे एक बड़ी रकम हड़पने की धोखाधड़ी करने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।


NEVER SAY DIE ॐ BELIEVE IN YOURSELF
STAR WAY SR. SEC. SCHOOL
Village Khurdi, Distt. Yamuna Nagar
English Medium, Permanent Recognised, Haryana Board
Congratulations Students, Parents & Staff
Distt. Topper
Shining Stars of Class XII (2023-24)
Jehra 96.8% (Arts)
Minakshi 93.8% (Non-Med.) (Block Topper)
Sudhanshu 93.6% (Non-Med.)
Rancy 93.6% (Non-Med.)
Palak 92.6% (Comm.)
Harman 92.4% (Arts)
Menka 92% (Non-Med.)
Shagun 91.4% (Non-Med.)
Shubham 91.4% (Non-Med.)
Princi 90.8% (Non-Med.)
Tanu 90.6% (Comm.)
Rajat 90.2% (Arts)
Harshit 90.2% (Comm.)
Muskan 90% (Comm.)
Twinkle 89.8% (Arts)
Japna 89.6% (Comm.)
Vaibhav 89.6% (Comm.)
Lovisha 89.2% (Non-Med.)
Kartik 89% (Non-Med.)
Aryash 88.4% (Non-Med.)
Lakshay 88.2% (Comm.)
Vanshika 87.8% (Comm.)
Khushi 87.6% (Arts)
Harshita 87% (Non-Med.)
Sahiba 86.8% (Medical)
Tanisha 86.2% (Medical)
Kashish 85.6% (Medical)
Hardik 85.6% (Comm.)
Rubal 85.2% (Arts)
Palak 84.6% (Medical)
Block Topper
Our Gems of Class 10th (2023-24)
JANVI (96.2%)
DRISHTI (94%)
TANISH (93.8%)
KHUSHBOO (92.6%)
ARYAN (92.6%)
HARSH KHAJURI (91.4%)
CHAILSI (91%)
ARYASH (90.6%)
GAGAN (90.2%)
PALAK (90.2%)
SAKSHI (89.8%)
VIRTI (89.6%)
DHARYA (87.8%)
RITIKA (87%)
AGRIM (87%)
ANAS (87%)
KANISHKA (86.6%)
TUSHANT (85.6%)
HARSHIT (85.2%)
Admission Open for ARTS, COMMERCE, MEDICAL & NON-MEDICAL
Ph. : 90503-37486, 80533-50625

खबर संक्षेप

बच्चों ने उत्साह से देखा का जादू का खेल

कुरुक्षेत्र। विद्या भारती हरियाणा एवं हिंदू शिक्षा समिति के तत्वाधान संचालित विद्यालय गीता निकेतन विद्या मंदिर सेक्टर- 3 में रेडक्रॉस सोसाइटी के माध्यम से एक अद्वितीय और मनोरंजक जादू शो का आयोजन किया गया। जादूगर सम्राट सतीश कुमार ने अपने जादू के करतब दिखाए। जादू के खेल को बच्चों ने उत्साह के साथ देखा। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय में किया गया। इस जादू शो का उद्देश्य विद्यार्थियों को न केवल मनोरंजन बल्कि उनके तार्किक सोच को प्रोत्साहित करना रहा।

सतीश चंद्र को पुण्यतिथि पर किया नमन

कुरुक्षेत्र। जनसंघ व भाजपा के नेता इंजियर डॉ सतीश चंद्र आश्री की पुण्यतिथि पर जनसंघ, भारतीय जनता पार्टी व भाजपा के अनेक वरिष्ठ पदों पर रहे डॉ मंगल सेन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कांग्रेस सरकारों में पुलिस द्वारा जेलों में दी गई यातनाएं सहने सवर्गीय इंजीनयर व डॉ सतीश चंद्र आश्री की पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें नमन कर उनके भाजपा को समर्पित पूरे जीवन का विस्तृत चित्रण कर

मतदान करके निभाएं देश के प्रति कर्तव्य

कुरुक्षेत्र। सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं उपमंडल अधिकारी नागरिक सुरेंद्र पाल ने कहा कि लोकतंत्र प्रणाली में जनता सर्वोपरि होती है और एक-एक वोट का बड़ा महत्व होता है, इसलिए सभी मतदाताओं को लोकतंत्र के इस उत्सव में 25 मई को मतदान करके देश के प्रति अपने कर्तव्य को निभाएं।उन्होंने जिला के मतदाताओं से आह्वान किया कि मतदान करना उनका अधिकार है। चमतदान करने का मौका 5 साल के बाद मिलता है। यह अवसर हमें गंवाना नहीं चाहिए।

मतदान के महत्व पर दिया जोर

कुरुक्षेत्र। उदयन शालिनी फेलोशिप कुरुक्षेत्र चैप्टर ने मतदान जागरूकता, टीकाकरण जागरूकता और विदेश में कानूनी प्रवासन जैसे महत्वपूर्ण विषयों को संबोधित करते हुए एक व्यापक सामाजिक अभियान का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरूआत संयोजक डॉ. सुषमा शर्मा, सह-संयोजक डॉ. रामनिवास, यूएसएफ सहायक प्रबंधक वरुणा तमतासभी शालिनियों की उपस्थिति में हुई।

गर्मी से हरी सब्जियों को सकता है नुकसान

कुरुक्षेत्र। मौसम की गर्मी चरम पर पहुंच रही है तो भीषण गर्मी और लू के चलते बागवानी फसलों को बहुत अधिक नुकसान पहुंचने की संभावनाएं बढ़ गई हैं। कुरुक्षेत्र तथा आसपास के क्षेत्रों में रविवार को तापमान 44 डिग्री के पार रहा। ऐसे तापमान में किसानों एवं कृषि विशेषज्ञों की चिंता अधिक हो गई है। कृषि वैज्ञानिक डा. सी.बी. सिंह ने कहा कि मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में अधिक तापमान रहने की संभावना है। उन्होंने कहा कि ऐसी भीषण गर्मी से हरी सब्जियों के उत्पादन में गिरावट आ सकती है। इस भीषण गर्मी में आमजन का हाल बेहाल है तो फसलों का क्या हाल होगा। ऐसी भीषण गर्मी में सब्जियों की फसलें भी मुरझा जाती हैं। डा. सिंह ने कहा कि किसानों को फसलों को बचाने के लिए कृषि अधिकारियों एवं कृषि विशेषज्ञों से राय लेनी चाहिए।

गुरु नानक खालसा कॉलेज में शानदार प्रस्तुति से मोहा मन

पुरातन छात्र मिलन समारोह में पुरानी यादों में खोए पूर्व छात्र

विद्यार्थियों ने भर दो झोली मेरी, दमा दम मस्त कलंदर, रब्बा खैर मंगा और अन्य कलाम पेश किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल। कार्यक्रम में अतिथियों स्वागत करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

गुरु नानक खालसा कॉलेज करनाल के पुरातन छात्र मिलन समारोह का सुंदर एवं भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर सूफी संगीत संध्या का बेहतरीन अंदाज में आयोजन किया गया जिसमें कॉलेज के पुराने व वर्तमान छात्र-छात्राओं ने सूफी, कव्वाली, गीत, नजम इत्यादि गाकर माहौल को संगीतमय बना दिया। देर रात तक चले इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कॉलेज प्रबंधन समिति की महासचिव सरदारनी जसप्रीत कौर रही जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में कॉलेज प्रबंधन समिति के उपप्रधान सरदार एसपी सिंह पसरीचा मौजूद रहे। सरदारनी जसप्रीत कौर ने कहा कि कॉलेज पूर्व प्रधान एवं सांसद स्वर्गीय सरदार तारा सिंह जी के दिखाएं मार्ग एवं पदचिन्हों पर चलते हुए शिक्षा और संगीत के क्षेत्र में निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर गुरिंदर सिंह ने सभी का धन्यवाद किया और कहा कि कॉलेज के पूर्व छात्रों से मिलकर मन गदगद हो गया। प्राचार्य ने बताया कि कॉलेज के अनेक छात्र-छात्राएं यहां से शिक्षा प्राप्त करके न केवल देश में अपितु विदेशों में भी बड़े-बड़े पदों पर आसीन हैं। एटमुनााई एसोसिएशन के प्रधान सरदार अरविंदर सिंह ढिल्लों ने कहा कि उन्हें कॉलेज आकर अपने पुराने दिन याद आ गए। उन्होंने अपनी तरफ से गरीब विद्यार्थियों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने की पहल की। इस दौरान कालेज के पूर्व छात्र एवं पिपली अनाज मंडी के प्रधान राजीव गोयल एवं खालसा स्कूल के पूर्व प्रिंसिपल सरदार सुखविंदर सिंह सोही ने भी अपने विचार रखें और वित्तीय सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया। डॉक्टर कृष्ण अरोड़ा के निर्देशन में विद्यार्थियों ने भर दो झोली मेरी, दमा दम मस्त कलंदर, रब्बा खैर मंगा और अन्य कलाम पेश कर सभी को मंत्र मुक्त कर दिया। देव शर्मा, देव रावत, मंशा, अर्पिता, केशव आदि ने सुंदर प्रस्तुतियां दी। मंच का संचालन सांस्कृतिक गतिविधियों के प्रभारी डा. बीर सिंह ने किया। इस अवसर पर पूर्व प्राचार्य प्रो. एसएस बरगोटा, डा., डा. सीमा शर्मा, डा. रेनू गोसाई, डा. दीपक, डा. जितेंद्र पाल, प्रो. कुलदीप, हजूर सिंह, अनिलप्रीत सिंह, नीरज कपूर, अमित, दीपक, राजेंद्र, सतीश और भारी संख्या में पूर्व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कॉलेज प्रबंधन समिति के प्रधान सरदार कंवरजीत सिंह प्रिंस ने सफल आयोजन के लिए प्राचार्य स्टाफ विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी।

रोड शो के लिए लेनी होगी परमिशन:सरला

कुरुक्षेत्र। चुनाव तहसीलदार सरला कौशिक ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव-2024 में प्रत्येक राजनीतिक पार्टी व उम्मीदवार को निर्वाचन आयोग के नियमों की पालना करनी होगी। निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार जिला में पारदर्शी व निष्पक्ष ढंग से चुनाव करवाए जाएंगे। किसी भी राजनैतिक दल को कोई रैली या रोड शो का काफिला निकालना है तो इसके लिए जिला प्रशासन से अनुमति लेनी जरूरी है। रोड शो के काफिले से रोड जाम नहीं होना चाहिए।

सूर्य नमस्कार को दैनिक जीवन में शामिल करें

करनाल। योग शिक्षक दिनेश गुलाटी के मार्गदर्शन में योग कक्षा फव्वारा पार्क सेक्टर 12 में सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया गया। योग कक्षा में विशेष रूप से जिला युवा अधिकारी, रेनू सिलग ने भाग लिया। दिनेश गुलाटी ने बताया कि मेरा मिशन स्वस्थ भारत के उद्धेश्य के साथ प्रतिदिन मिशन की सभी कक्षाओं में सूर्य नमस्कार का अभ्यास किया जा रहा है। कक्षाओं के अलावा ऑनलाइन भी बहुत से लोग प्रतिदिन जुड़ रहे हैं।सभी योग साधक इस अभ्यास से निरंतर लाभ भी ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि स्वस्थ रहना है तो सूर्य नमस्कार को दैनिक जीवन में अवश्य शामिल करना चाहिए। सूर्य नमस्कार शरीर के साथ-साथ मन को भी स्वस्थ रखता है और सभी बीमारियां दूर होती हैं। यदि सूर्य नमस्कार का अभ्यास लगातार किया जाए तो अन्य किसी व्यायाम की आवश्यकता नहीं है।

मतदाता जागरूकता अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

सिटीजंस ग्रीवेंसीज कमेटी की ओर से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का लक्ष्य चुनाव में शत प्रतिशत मतदान करवाना है। सेक्टर छह में सीजीसी के सदस्यों ने लोगों को वोट का महत्व बताते हुए इसके प्रति जागरूक किया।

चेयरपर्सन अंजु शर्मा ने कहा कि देश की सरकार बनाने में सबसे महत्वपूर्ण योगदान प्रत्येक वोटर का होता है। पांच साल बाद यह अवसर मिलता है कि अपने वोट की ताकत का प्रयोग कर अपने विवेक से देश हित में काम करने वाली सरकार चुनें। उन्होंने कहा कि कोई भी वोटर किसी व्यक्ति विशेष या राजनीतिक दल के दिए लालच में न आए। अपने विवेक से अपने वोट का प्रयोग करें। संरक्षक प्रमोद गुप्ता ने बताया कि करनाल क्लब और सीजीसी की ओर से वॉकथान का आयोजन 20 मई को शाम पांच बजे किया जाएगा। इसकी शुरूआत करनाल क्लब से होगी। इस अवसर पर संरक्षक प्रमोद गुप्ता, वाइज़ चेयरमैन ओपी सचदेवा, डीएन अरोड़ा, प्रकल्प प्रमुख संदीप लाठर आदि मौजूद रहे।

सुंदर कांड का पाठ कर बजरंग बली का किया गुणगान

करनाल। करनाल दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा हुड्डा ग्राउंड सैक्टर 13, करनाल में आयोजित श्री राम कथामृत के अंतिम दिवस में भक्त हनुमान की गाथा को बहुत ही रोचकमयी ढंग से प्रस्तुतीकरण किया गया। दिव्य गुरु श्री आशुतोष महाराज जी की शिष्या मानस मर्मज्ञा महामनस्विनी सुश्री जंयती भारती जी ने अपनी मधुर वाणी में व्याखान देते हुए कहा कि हमारे मन के अंदर दैवी व असुरी वृत्तियाँ दोनो ही विद्यमान हैं, पर हम मन की आसुरी वृत्तियों से तभी निजात पा सके ंगे जब सद्गुरु की अनुकम्पा से मन रूपी वन में श्री राम का आगमन होगा और तभी व्यक्ति सुन्दर काण्ड में पहुँचता है। सुन्दर काण्ड जिसमें एक भक्त के भक्ति मार्ग पर किए जा रहे संघर्ष की चरम सीमा को भक्त हनुमान के माधयम से प्रतिपादित किया गया है। इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की विशेष तौर पर पहुंचे व प्रभु का आशीर्वाद लिया। इसके अतिरिक्त श्री वीर विक्रम पार्षद, संजय बठला, जगमोहन आनंद, मनोज वधवा, कैलाश गुप्ता आदि उपस्थित रहे।कथा का समापन प्रभु की पावन आरती से किया गया।

सालों में देश की अर्थव्यवस्था बढ़ी, बेरोजगार हुआ विपक्ष : जेपी नड्डा

- कहा : आज भारत को इज्जत और सम्मान के साथ देखती है दुनिया
- करनाल पहुंचे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, मनोहर लाल की तारीफ, कहा : हरियाणा को पारदर्शी शासन दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल लोकसभा क्षेत्र
बुद्धिजीवी सम्मेलन
फिर एक बार
सरकार

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि पिछले 10 साल में भारत की राजनीति में बहुत कुछ बदला है। बहुत कुछ देश की जनता को देखने का सौभाग्य मिला। हम सब सौभाग्यशाली जब भाजपा एक विशाल रूप में दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बन चुकी है। 10 साल पहले तक देश में भ्रष्टाचार होता था और भारत के बारे में तरह-तरह की टिप्पणियां की जाती थी। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया भारत को इज्जत और सम्मान के साथ देखती है। जेपी नड्डा रविवार को करनाल रेलवे रोड स्थित होटल प्रेम प्लाजा में आयोजित प्रबुद्ध नागरिक सम्मेलन में पहुंचे। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, पूर्व मुख्यमंत्री एवं करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल, भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जगमोहन आनंद व रेनूबाला गुप्ता विशेष रूप से मौजूद थे। जेपी नड्डा ने करनाल से लोकसभा प्रत्याशी मनोहर लाल और विधानसभा उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के लिए वोट की अपील की। नड्डा ने मनोहर लाल की तारीफ करते हुए कहा कि मनोहर लाल ने हरियाणा को पारदर्शी शासन दिया। ऐसी योजनाएं चलाई जिनसे हरियाणा के लोग लाभान्वि हुए।

मोदी के नेतृत्व मे भारत विश्व गुरू बनने की ओर अग्रसर

तरावड़ी। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल ने कहा कि भाजपा 2047 तक भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए कार्य कर रही है भारत विश्व गुरु तभी बन सकता है जब देश में ऐतिहासिक बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बने और नरेंद्र मोदी जी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बने। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल रविवार को तरावड़ी में अपने जनसंपर्क यात्रा के दौरान शिव शक्ति ग्लोबल इंटरप्राइजेज एक्सपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड के परिसर में उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान शहर के उद्योगपतियों व आढ़तियों भाईयों ने पूर्व मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया गया। भाजपा के उम्मीदवार मनोहर लाल को शिव शक्ति इंटर ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड के सीएमडी रमेश गुप्ता एवं अमन गुप्ता ने गदा भेंट कर के फूलमालों से उनका स्वागत किया। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने हर वर्ग के विकास के लिए काम किया है। पीएम मोदी ने देश की महिलाओं के लिए, युवाओं के लिए, गरीबों के लिए, किसानों के लिए बड़ी तेज गति से जबरदस्त काम किए हैं।

पांच साल में एक बार आता है यह लोकतंत्र का महापर्व, बढ़चढ़कर करें मतदान: संजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

आपका हार्दिक स्वागत करता है

तरावड़ी। मतदान पर चर्चा करते भाविपा के अध्यक्ष योगेश मिडडा, संजय सिंगला, मनोज चौधरी व सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

जितना ज्यादा मतदान होगा उतनी हमारी सरकार मजबूत होगी। आने वाली 25 मई को आप ओर हम मतदान करने जा रहे है। याद रखें यह मतदान किसी स्थानीय पार्षद या अध्यक्ष का नही हो रहा है इसलिए टूटी सडक़े,पानी,बिजली, आदि की व्यवस्थाऐं कैसी हैं, कचरा प्रबंधन कैसा है, ये सब स्थानीय प्रशासन के विषय हैं। ठीक इसी प्रकार हम किसी राज्य का मुख्यमंत्री भी नही चुनने जा रहे हैं ,जिससे की राज्य के बारे में सोचें। तीसरा हम किसी जाति या समुदाय का चुनाव नही करवा रहे जिससे की चुना हुआ जनप्रतिनिधी उसी जाति या समुदाय का ध्यान रखे ,वह सबका होता है। यह शब्द भारत विकास परिषद के अध्यक्ष योगेश मिडडा ने मतदान को लेकर चर्चा करते हुये परिषद के सदस्यों से कहे। हम एक प्रधानमंत्री चुनने जा रहे हैं। जो कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में भारत का प्रतिनिधित्व करेगा,इसलिए हमें ऐसा प्रधानमंत्री चुनना चाहिऐ ,जिसकी तरफ पूरी दुनिया आकर्षित हो और हमारे देश को दुनिया मे महत्वपूर्ण स्थान मिले। हमें ऐसा प्रधानमंत्री चाहिए जो भारत का नाम दुनिया में ऊंचा कर सके। हमे ऐसा प्रधानमंत्री चाहिए जो भारत ही नहीं वरन पूरी दुनिया में फैल रहे आतंकवाद को जवाब दे सके व उसको खत्म करने का मजबूत संदेश पूरी दुनिया को दे सके। हमे ऐसा प्रधानमंत्री चाहिए जो अथक काम करते हुऐ हमारे देश की जनता को आधारभूत सुविधाऐं दे सके। हमे ऐसा प्रधानमंत्री चाहिए जिसके दिल व दिमाग मे अपने परिवार,समाज के बजाय राष्ट्र प्रथम की भावना हो,जो देश को झुकने नहीं देने की भावना रखता हो। इस अवसर पर श्री राम गुरप के एमडी संजय सिंगला ने कहा कि हमें यह अवसर पांच साल में एक बार ही मिलता है , अतः आईये हम सब इस अवसर का भरपूर उपयोग करें व देश व राष्ट्रहित में नई व मजबूत सरकार के गठन के लिऐ अपने मताधिकार का प्रयोग करें व अपने आस पास सभी का मतदान जरूर हो यह भी सुनिश्चित करें। इस महायज्ञ में कोई भी मतदान से वंचित न रह जाये इसका पूरा प्रयास करें।

फायरिंग के प्रशिक्षण के साथ साथ हथियारों की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा बटालियन एनसीसी, करनाल के तत्वावधान में जवाहर नवोदय विद्यालय सगा करनाल में बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल नरेश आर्य एवं एडम आफिसर कर्नल निक्सन हरनल के मार्गदर्शन में चल रहे 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक एनसीसी प्रशिक्षण शिविर 112 के छठे दिन तक एनसीसी कैडेट को ड्रिल, मैप रीडिंग, फायरिंग के प्रशिक्षण के साथ-साथ हथियारों की जानकारी दी गई। इसके सेना से आउट होने के बाद इस हथियार को एनसीसी में लाया गया ताकि इस कैलिबर के हथियार से एनसीसी कैडेट को इसको खोलना, जोड़ना और इसकी सफाई करने के तरीके सिखाये सकें। उन्होंने बताया कि यह सेल्फ लोडिंग है और फायर होने के बाद दूसरा राउंड चेंबर में चला जाता है। इसकी कारगर रेंज ज्यादा है और मैगजीन कैपेसिटी भी ज्यादा है। यह गैस से काम करने वाला हथियार है और इसकी सफाई करना भी आसान होता है। इस अवसर पर एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर डॉक्टर केवल कृष्ण ने बताया कि कैंप के दौरान एनसीसी कैडेट विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे और अंतिम दिन सभी विजेता टीमों और एनसीसी कैडेट को पुरस्कार दिए जाएंगे। प्रतियोगिताओं में ड्रिल, भाषण, दौड़, रस्साकशी शामिल है। उन्होंने बताया कि इस कैंप में करनाल के 21 सरकारी एवं निजी विद्यालयों के एनसीसी कैडेट्स भाग ले रहे हैं ।

आदर्श चुनाव आचार संहिता की पालना करें राजनैतिक पार्टियां

- छठे चरण में हरियाणा प्रदेश में 25 मई को मतदान होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव व करनाल विधानसभा उपचुनाव के दौरान सभी राजनीतिक पार्टियां एवं उम्मीदवार आदर्श चुनाव आचार संहिता की पालना करें। जिला प्रशासन का संकल्प है कि स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव को संपन्न करवाया जाए।

उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से लोकसभा आम चुनाव के लिए जारी चुनावी शेड्यूल के अनुसार चुनाव प्रक्रिया के छठे चरण में हरियाणा प्रदेश में 25 मई को मतदान होगा। चुनाव के दौरान पार्टियां व उनके प्रत्याशी यह ध्यान रखें कि चुनाव प्रचार में जाति, धर्म या समाज को बांटने का काम ना किया जाए। धार्मिक गतिविधियों का सहारा लेकर कोई भी प्रत्याशी अपना प्रचार ना करे। चुनाव के दौरान मतदाताओं को लुभाने के लिए कहीं भी किसी प्रकार के उपहार, नकदी या नशीले पदार्थों का प्रयोग ना किया जाए। उन्होंने कहा कि वोट लेने के लिए किसी भी मतदाता को डराया या धमकाया ना जाए। किसी निजी भवन की दीवारों पर बगैर मकान मालिक की अनुमति के झंडे, पंफलेट, पोस्टर आदि ना चिपकाएं जाएं। इसमें संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत कार्यवाही हो सकती है। दीवारों पर वॉल पेंटिग का कार्य एआरओ या एसडीएम की बिना अनुमति के नहीं किया जाना चाहिए। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में निर्धारित किए गए स्थानों पर ही होर्डिंग, बैनर, पोस्टर लगाए जाने चाहिए।

श्री गोवर्धन नाथ मंदिर हवेली वाले के प्रांगण में लगाया शिविर

नि:शुल्क होम्योपैथिक कैंप में जांचा स्वास्थ्य

स्वास्थ्य शिविर में 65 से 70 महिला व पुरुषों के स्वास्थ्य की जांच कर दिया स्वास्थ्य लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

होमोयोपैथिक डॉक्टर्स एसोसिएशन करनाल के द्वारा श्री गोवर्धन नाथ मंदिर हवेली वाले के प्रांगण मे निशुल्क होमोयोपैथिक जांच कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप की कॉर्डिनेटर डा. वैशाली मखीजा रही। इन्होने बताया की आज होमियोपैथिक का समय आ रहा है लोगो का जिस तरह विश्वास होमियोपैथिक की तरफ बढ़ रहा है भविष्य मे लोगो को जागरूक करने के लिए अगले माह कैंप का आयोजन करनाल मे किया जा रहा है जिसमे लोगो को निःशुल्क जांच के साथ निःशुल्क दवाईया भी दी जाएगी।इसी के साथ एसोसिएशन के प्रधान डा० कपिल भाटिया ने बताया आज के कैंप मे अलग अलग विभाग के कई डॉक्टर्स ने अपनी सेवाए दी जिसमे कुछ डॉक्टर करनाल, गनौर व घरौंडा से आये जिन्होंने लगभग 65 से 70 महिला व पुरुषों की जांच की जिनमे बुखार, शरीर मे पानी की की, एंटिक एलेर्जी व शुगर व बी पी के मरीज रहे। इस कैंप से लोगो ने होमोयोपैथिक सुविधाओं का लाभ उठाया। इसी के साथ डॉक्टर्स् ने बताया की आगे भी इसी तरह के कैंप लगाए जाएंगे। श्री गोवर्धन नाथ ट्रस्ट के प्रधान विजय भाटिया ने इस कैंप को लोगो के लिए बहुत बहुत लाभकारी बताया। और ट्रस्टी कृष्ण कुमार भाटिया ने डॉक्टर्स की टीम से भविष्य मे भी इस तरह के कैंप लगाने का आग्रह किया और ये ट्रस्ट हमेशा आपके साथ है इस मोके पर एसोसिएशन के प्रधान डा. कपिल भटिया, डा. रोहताश, डा. आयुष भाटिया, डा. वैशाली मखीजा, डा. शिवानी गुप्ता, व डा. आरती गनौर से, डा. वंदना गोयल और डा. शिवानी चौधरी व अन्य डॉक्टर्स मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

लड़की को भगाने वाला पकड़ा

पानीपत। पानीपत के एक गांव में युवक, 14 साल की लड़की को शादी की नीयत से डरा धमका कर भगा ले गया। पिता और मामा लड़की को ढूंढने निकले, तो रास्ते में लड़का-लड़की दोनों ही मिल गए। दोनों को मौके पर पकड़ लिया। लड़के को पुलिस के हवाले कर दिया गया। वहीं, पुलिस के सामने लड़की ने बताया कि आरोपी युवक उसे जान से मारने की धमकी देकर शादी की नीयत से साथ ले जा रहा था। इसराना थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ बहला फुसलाकर भगा ले जाने का केस दर्ज कर लिया है।

कांशी गिरि मंदिर में हुई नाम चर्चा

पानीपत। डेरा सच्चा सौदा के ब्लॉक पानीपत की हुडा कॉलोनी की साध संगत द्वारा सनौली रोड स्थित काशी गिरी मंदिर में ब्लॉक स्तरीय नाम चर्चा का आयोजन किया गया। नाम चर्चा का शुभारंभ ब्लॉक प्रेमी सेवक धर्मपाल ढींगड़ा इंसां ने पवित्र नारा धन धन सतगुरु तेरा ही आसरा लगाकर की। जबकि बिमला इंसां ने दरबार द्वारा चलाए जा रहे मानवता भलाई कार्य के बारे में विस्तार पूर्वक बताया।

पीडब्ल्यूडी ऑफिस में चोरी

पानीपत। पानीपत के माडल टाउन थाना को दी शिकायत में पीडब्ल्यूडी के एसडीओ ध्रुव ने बताया कि उन्हें, कार्यालय के करण कुमार सेवादार ने बताया कि आफिस से इन्वर्टर व बैट्री चोरी है। पूछताछ करने पर चौकीदार सुमित व देवेंद्र ने बताया कि साथ वाले कार्यालय का सामान नई बिल्डिंग में स्थानांतरित किया गया था। उसी बीच यह चोरी हुई। 14 मई को सुबह पौने नौ बजे पहुंचे तो कंप्युटर का यूपीएस, कुर्सियां भी चोरी मिली। 13 मई को कुछ शरारती तत्वों ने कुछ ईंट-पत्थर से पथराव भी किया। चोर का पता न लगने पर उन्होंने पुलिस को शिकायत दी, जिस पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

जागरूकता रैली निकाली

पानीपत। फैला उजियारा फाउंडेशन की प्रदेशाध्यक्ष कुमारी रंजीता कौशिक के नेतृत्व में गांव इसराना के मतदाताओं को लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित करने को मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रंजीता ने ने ग्रामीणों को लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान कर प्रजातंत्र को मजबूत करने की अपील की। वहीं कौशिक ने कहा कि जितना अधिक मतदान होगा उतना ही अधिक प्रजातंत्र मजबूत होगा, इसके मद्देनजर हर पात्र नागरिक लोकसभा चुनाव में मतदान अवश्य करें।

कर्मचारी भी डाल सकेंगे वोट

पानीपत। आवश्यक सेवाओं से जुड़े विभिन्न सरकारी विभागों के कर्मचारी और चुनावी ड्यूटी में लगे अधिकारी व कर्मचारी भी इस बार डाक मतपत्र (पोस्टल बैलेट)के जरिये वोट डाल सकेंगे। इसके लिये उन्हें फार्म 12 भरना होगा। पोस्टल बैलेट को लेकर उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने बुधवार को जिला सचिवालय के सभागार में बैठक लेते हुए बताया कि फार्म 12 जिला चुनाव कार्यालय की ओर से उपलब्ध कराया जायेगा।

पानीपत में धारा 144 लागू

पानीपत। पानीपत में 25 मई को लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत होने वाले मतदान के दिन जिलाधीश डॉ. वीरेंद्र दहिया ने दण्ड प्रक्रिया नियमावली 1973 की धारा 144 के तहत आमजन में समानता, शांति और कानून व्यवस्था स्थापित करने के लिए आदेश जारी किए हैं। आदेशानुसार 5 या 5 से अधिक व्यक्तियों के इकटठा होने और किसी भी तरह के आग्रेयास्त्र, तलवार (सिख धर्म में उपयोग की जाने वाली कृपाण को छोडकर), गण्डासी, लाठी, बरछा, कुल्हाड़ी, जेली, चाकू और दूसरे ज्वलनशील हथियार लेकर चलने पर पाबंदी रहेगी। लाइसेंसशुदा हथियार धारकों को अपने हथियार आगामी दो माह तक स्थानीय पुलिस स्टेशन में जमा करने के भी आदेश जारी किए गए हैं।

ब्राह्मणों ने हमेशा ही विश्व का हित करने का काम किया

नई अनाज मंडी में भगवान परशुराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया

भगवान परशुराम विष्णु भगवान के छठे अवतार है, जिन्होंने हमेशा अन्याय के विरुद्ध लड़ाई लड़ी और अन्याय करने वालों का विनाश किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत। ब्राहमण सभा के अध्यक्ष सतीश शर्मा, पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल को स्मृति चिंह भेंट करते हुए। फोटो :हरिभूमि

पानीपत नई अनाज मंडी में भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिले भर से हजारों की संख्या में ब्राह्मण समाज के लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन स्वामी दयानंद सरस्वती के सानिध्य में ब्राह्मण सभा जिला प्रधान सतीश शर्मा डाहर की अध्यक्षता में हुआ। इस दौरान सतीश शर्मा ने कहा कि कहा कि भगवान परशुराम विष्णु भगवान के छठे अवतार है, जिन्होंने हमेशा अन्याय के विरुद्ध लडाई लडी और अन्याय करने वालों का विनाश किया। सतीश शर्मा ने मंच से ऐलान किया कि वो ब्राह्मण समाज के साथ अन्याय नहीं होने देगा और ब्राह्मण समाज मिलकर लोकसभा चुनाव में जो फैसला करेगा वो ही मान्य होगा। मंच का संचालन कार्यक्रम के आयोजन ब्राह्मण महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित गौतम ने किया। इस दौरान रोहित गौतम ने कहा कि ने कहा कि भगवान सद्भावना का संदेश देते है। वही, हम सबकों मिलकर आपसी प्यार प्रेम के साथ भगवान का नाम लेना चाहिए। गौतम ने कहा कि ब्राह्मणों ने हमेशा ही विश्व का हित करने का काम किया है और आगे भी करता रहेगा। वही, राजनीतिक पार्टी ब्राह्मण समाज को छोटा ना समझे, बल्कि लोकसभा चुनाव में देश का ब्राह्मण समाज मिलकर एकता का संदेश देगा और राजनेताओं को ब्राह्मण समाज की ताकत का अहसास कराएगा। इस दौरान ब्राहमण सभा की ओर से समाज की उत्कृष्ट सेवा करने वालों दिल्ली से जयकुमार जैन, जीएमजी ग्रुप से सत्यनारायण जैन, नरेला से नहेश जैन, गौशाला कमेटी प्रधान बलबीर मलिक, पूर्वांचल सभा महिला विंग से मधु शुक्ला, संतोश राऊत, रामकमल आदि विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों को भी सम्मानित किया गया।

दिल्ली जाकर आपकी सेवा करेगा दिव्यांशु: सचिन पायलट

- संवैधानिक संस्थाओं को लगातार कमजोर कर रही भाजपा सरकार : सचिन पायलट

समालखा। राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री व राष्ट्रीय महासचिव एवं छत्तीसगढ़ सचिन पायलट ने समालखा की बापौली अनाज मंडी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए करनाल से कांग्रेस प्रत्याशी दिव्यांशु बुद्धिराजा को वोट की अपील की। सचिन पायलट ने कहा केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार भारी बहुमत से आ रही है। उन्होंने कहा दिव्यांशु हरियाणा में सबसे युवा उम्मीदवार है व दिल्ली जाकर आपकी लड़ाई मजबूती से लड़ेगा। मैंने देखा है कि दिल्ली जाकर अपने लोगों के हक के लिए युवा सबसे ज्यादा भाग दौड़ करता है। सचिन पायलट ने कहा पानीपत, समालखा से स्वर्गीय पायलट परिवार का रिश्ता सन 1987 से हैं। बुद्धिराजा ने कहा साढे 9 साल मुख्यमंत्री रहते हुए घमंड में चूर मनोहर लाल ने पानीपत-करनाल के लोगों की ओर मुड़कर भी नहीं देखा, ना ही इलाके के लिए कोई काम किया। भाजपा हाई कमान ने उनको एक नाकारा मुख्यमंत्री घोषित कर पद से हटा दिया।

पानीपत। एकादशी पर चुलकाना धाम में भक्तों की भीड़ रिकार्ड तोडते हुए।

एकादशी पर लाखों भक्तों ने श्याम बाबा के दर्शन किए

- श्री चुनकट ऋषि मंदिर में हवन यज्ञ करके भंडारा लगाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

चुलकाना धाम में श्री श्याम बाबा चमत्कार दिखा रहे हैं इसलिए यहां हर दिन हर महीने भक्तों के भीड़ अपने पुराने रिकॉर्ड को तोड़ रही है। भगवान श्री कृष्ण ने चुलकाना की धरा को चुना था। वीर बर्बरीक का शीश दान लेने के लिए सतयुग में इस धरा पर श्री चुनकट ऋषि जी महाराज ने घोर तपस्या की थी। सतयुग का सबसे बड़ा युद्ध श्री चुनकट ऋषि महाराज ने इसी तपोभूमि पर तपस्या करते हुए जीता था। यह स्थान सतयुग त्रेता युग में ऋषि मुनियों की तपोस्थली के रूप में प्रसिद्ध रहा है। महाभारत काल में यहां वीर बर्बरीक का शीश दान होने से इस स्थान का नाम श्याम बाबा से भी जुड़ गया। चुलकाना धाम मंडल भाजपा मीडिया प्रभारी सोनू शर्मा छदिया ने बताया कि उत्तर भारत का यह एकमात्र प्राचीन और प्रसिद्ध स्थान है। जहां पर श्री श्याम बाबा साक्षात विराजमान है और महाभारत काल से यहां श्री श्याम बाबा की पूजा अर्चना हो रही है। रविवार एकादशी एक साथ होने के कारण मंदिर के सभी तीनों मुख्य द्वारों पर भक्तों की लंबी-लंबी लाइन लग गई। वहीं श्री चुनकट ऋषि मंदिर में हवन-यज्ञ करके भंडारा किया गया। हजारों लोगों ने भंडारा ग्रहण किया गर्मी के कारण भक्तों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा वही चुलकाना में आने वाले रास्तों पर निर्माण कार्य चल रहा है जिससे भक्तों को नंगे पैर बहुत परेशानी हो रही है परेशानी हो रही है। इस अवसर पर प्रधान रोशन लाल, प्रधान सत्यवीर गुप्ता आदि उपस्थित रहे।



नवचयनित आईएएस जसंवत मलिक का स्वागत करते हुए गांव सींक के ग्रामीण।

इंसान की तरक्की की राह है शिक्षा व अनुशासित मेहनत

- यूपीएससी में 115 वां रैंक पाने वाले जसवंत का पैतृक सींक गांव में भव्य स्वागत हुआ

पानीपत। यूपीएससी के फाइनल रिजल्ट में 115 वां रैंक हासिल करने वाले जसवंत मलिक का उनके पैतृक गांव सींक में ग्रामीणों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। उनके सम्मान समारोह आयोजित कार्यक्रम में पूरे गांव के पुरषों, महिलाओं तथा बच्चों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। ग्राम पंचायत की तरफ से जसवंत मलिक को बुके देकर व उनके पिताजी शिक्षक सुरजीत मलिक को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस दौरान जसवंत मलिक अपने गांव के विद्यार्थियों से संवाद भी किया और उन्हें भविष्य को लेकर सफलता के मूल मंत्र भी दिए। जसवंत मलिक ने अपने गांव के होनहार विद्यार्थियों को प्रोत्साहित कर उनका हौसला बढ़ाया। वही, जसवंत मलिक ने कहा कि उनकी इस कामयाबी के पीछे उनके माता-पिता व गुरुजनों का बड़ा हाथ है। उन्होंने सभी ग्राम वासियों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने बच्चों की पढ़ाई को लेकर पूरा फोक्स रखें। शिक्षा ही व्यक्ति को सफलता के उच्च स्तर पर पहुंचा सकती है। इस अवसर पर जिला पार्षद प्रतिनिधि अनिल मलिक, गांव की सरपंच प्रतिनिधि सुभाष, तेजबीर मलिक, रामफल मलिक बबलू ठेकेदार, बलवान मास्टर पूर्व सरपंच राजेश व डॉ.करमवीर आदि मौजूद रहे।

इंसान का पहला सुख है निरोगी काया-सविता

पानीपत। ला रिजेंसिया अंसल में मेडिकल कैंप में समाजसेवी सविता आर्य का स्वागत करते हुए आयोजक।

पानीपत। विश्व जागृति मिशन पानीपत मंडल एवं इंडियन नेशनल ह्यूमन राइट्स काउंसिल आफ इंडिया के तत्वधान में अंसल स्थित ला रिजेंसिया सोसायटी फेज-2 के मीटिंग हॉल में हेल्थ मेडिकल चेकअप कैंप लगाया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि नारी तू नारायणी उत्थान समिति की अध्यक्ष सविता आर्य ने शिरकत की। हेल्थ चेकअप कैंप आहूजा हॉस्पिटल द्वारा लगाया गया। जिसमें डा. संदीप ने अपनी टीम के साथ पहुंचकर सबका बीपी, शुगर, ऑक्सीजन, वेट चेकअप करके स्वस्थ रहने के लिए मेडिकल टिप्स दिए। पहला सुख निरोगी काया वचनों का पालन करते हुए समय-समय पर डा. जगजीत आहूजा व उनकी टीम के सदस्यों द्वारा पानीपत में जगह-जगह कैंप लगाकर सेवा की जा रही है। सविता आर्य ने कहा कि इस मिशन से जुडकर महिलाएं समाज में न केवल अच्छा संदेश दे रही हैं बल्कि अपने घर के साथ-साथ लोगों को जागरुक भी कर रही है। कैंप में 82 लोगों का चेकअप

पानीपत। इंडस्ट्रियल एस्टेट एसोसिएशन सेक्टर-29 की बैठक। फोटो :हरिभूमि

औद्योगिक सेक्टर में पर्यावरण हरा-भरा करेंगे : अग्रवाल

पानीपत। इंडस्ट्रियल एस्टेट एसोसिएशन सेक्टर-29 पानीपत की वार्षिक आम सभा का आयोजन जीटी रोड स्थित होटल हाईव में किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रधान श्री भगवान अग्रवाल ने की। जिसमें पिछले तीन वर्ष का आय-व्यय का ब्योरा कोषाध्यक्ष नरेश चोपड़ा द्वारा प्रस्तुत किया गया। जिसका एसोसिएशन के सदस्यों ने ताली बजाकर समर्थन किया। प्रधान श्री भगवान अग्रवाल ने कहा कि सेक्टर-29 में विद्युत विभाग द्वारा बिजली सप्लाई में सुधार की प्रशंसा की। वहीं नगर निगम द्वारा स्ट्रीट लाइट एवं नालों की सफाई को लेकर रोष जताया। संगठन द्वारा सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों में कार्यों से भी सदस्यों को अवगत करवाया गया। वहीं सेक्टर को हरा भरा बनाने के लिए वृक्षारोपण पर भी विशेष अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ उद्यमी संरक्षक पुरुषोत्तम शर्मा, श्याम सुंदर दत्त, उप-प्रधान अतुल मित्तल, सचिव संजीव गर्ग, सह-सचिव सुरेश काबरा आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

मतदान के लिए मिलेगी पेड लीव

पानीपत। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि राज्य सरकार ने 18वीं लोकसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर पड़ोसी राज्यों के मतदाता जो राज्य सरकार के अधीनस्थ विभागों के कार्यालयों, बोर्ड, कॉपोरेशन और शिक्षण संस्थानों में कार्यरत है, को वोट डालने के लिए पेड होलीडे देने की घोषणा की है। मुख्य सचिव कार्यालय की ओर से जारी की गई अधिसूचना के अनुसार पड़ोसी राज्यों के मूल निवासी जो हरियाणा सरकार के कार्यालयों, बोर्डों, निगमों के अलावा शैक्षणिक संस्थान, विभिन्न कारखाने, दुकानें, वाणिज्यिक और निजी प्रतिष्ठानों में काम करते हैं और उनका वोट अपने राज्य में बना हुआ है, ऐसे कर्मचारियों के लिए उन तिथियों को पेड होली डे के रूप में नामित किया गया है।

श्रीमद् भागवत कथा ही सब कथाओं का सार

- श्रीमद् भागवत कथा व भगवान श्री कृष्ण बलराम रथयात्रा महोत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत। श्रीमद् भागवत कथा सुनाते हुए इस्कॉन कुरुक्षेत्र के अध्यक्ष साक्षी गोपाल दास। फोटो :हरिभूमि

इस्कॉन कुरुक्षेत्र व इस्कॉन प्रचार समिति पानीपत के संयुक्त तत्वाधान में ऐतिहासिक नगरी पानीपत में श्रीमद् भागवत कथा व भगवान श्री कृष्ण बलराम रथयात्रा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। रविवार को श्रीमद् भागवत कथा के पहले दिन इस्कॉन कुरुक्षेत्र के अध्यक्ष साक्षी गोपाल दास जी का इस्कॉन प्रचार समिति के अध्यक्ष सुंदर लाल चुघ व चेयरमैन राम निवास गुप्ता फूल माला पहनकर स्वागत किया। उसके पश्चात इस्कॉन प्रचार समिति के सभी सदस्यों ने श्री मद भागवत कथा की शुरूआत कथव्यस पीठ के अध्यक्ष साक्षी गोपाल दास जी के द्वारा करवा और सत्यपति जी ने कहा इस बार पानीपत नगरी में हर वर्ष की भांति सप्त दिवसीय श्री मद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है और कथा व्यास करते हुए उन्होंने बताया कि श्रुत गोस्वामी जी से सभी मुनियों ने कहा की आप हमारे बीच में आए हो तो आप हमे सभी कथाओं का सार सुना दो जिसके द्वारा हमारे तड़पती आत्मा सुखी हो जाएगी, ये बात सुनकर के श्रुत गोस्वामी जी ने कहा की अरे मुनीश्वरो सभी कथाओं का सार श्री मद भागवत कथा है। श्री मद भागवत कथा ही सब कथाओं और पुराणों का सार है। वैदिक साहित्य रूपी का पक्का हुआ फल है। मुनियों मैं श्री मद भागवत सुनने से पहले आप सबको श्री मद भागवत कथा का महत्व बताता हूं श्रुत गोस्वामी ने सभी को भगवान श्री कृष्ण के चरणों में प्रणाम करने को कहा और पूछा की भगवान श्री श्री कृष्ण कोन है और बताया की भगवान श्री कृष्ण के नाम, रूप और सभी लीलाओं का वर्णन श्री मद भागवतम में किया गया है। इस अवसर पर इस्कॉन प्रचार समिति के अध्यक्ष सुन्दर लाल चुघ, आशु गुप्ता, अशोक, सतीश बुद्धिराजा, विशाल गोयल, देवेंद्र महाजन, पंकज, राज कुमार माटा, जय कुमार गोयल, सनी अग्रवाल समेत बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे।

मरम्मत के चलते बिजली आपूर्ति रही बाधित

- बडी संख्या में बिजली फीडर्स की मरम्मत की गई, निगम का भीषण गर्मी में बिजली की आपूर्ति सुचारू रखने की कवायद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

बिजली निगम की ओर से रविवार को अवकाश होने की वजह से फीडरों की मरम्मत के लिए परमिट जारी किए थे, ताकि भीषण गर्मी में बिजली की आपूर्ति सुचारू रहे। वही, रविवार को 132 केवी पावर हाउस काबड़ी से चलने वाले 33 केवी सब स्टेशन काबड़ी सर्किट वन और इंडस्ट्री एरिया फीडर पर सुबह आठ से 11 बजे तक, राज वूलन, मां भगवती, इंद्रा कॉलोनी, बीएम पोली, बालाजी, जेके, जिंदल, कैपिटल, भारत नगर, वेयर हुस, सब्जी मंडी, तिकोना पार्क, न्यू बोहली, सिंगपुरा, प्रशांत, जीटी रोड, आरके, एमवी, अनिल स्पीनिंग, मिगलानी, गणेश, प्रेम कोटेक, मुंजाल, टीडीआई एरिया की बिजली आपूर्ति बंद रही। इधर, 132 केवी चंदौली से चलने वाले 11 केवी फीडर बाबरपुर, अन्नपूर्णा, गांजबड़, एल्डिको, बबैल रोड, जीएस स्पीनर, जेबी, हैटरी, मुंजाल, पैप्सिको, रियन हाईट की सप्लाई सुबह आठ से 10 बजे तक बंद रही। वही, 132 केवी इसराना से चलने वाले 33 केवी सब स्टेशन ऊंटला की सप्लाई सुबह सात से 11 बजे तक, 33 केवी नुरपूर से चलने वाले 11 केवी न्यू जेल फीडर की सप्लाई सुबह सात से 11 बजे, 33 केवी सिवाह से चलने वाले पसीना एपी की सप्लाई सुबह सात से 11 बजे तक बंद रही। इधर, 33 केवी सनौली कलां से चलने वाले फीडर कुराड़, 33 केवी मोहाली से चलने वाले विनयश्री की सप्लाई सुबह 10 से दोपहर दो बजे तक बंद रही। जबकि 132 केवी नौल्था से चलने वाले 33 केवी एचएफ इंडस्ट्री की सप्लाई सुबह नौ से साढ़े 10 बजे तक, 33 केवी नुरपुर से चलने वाले 11 केवी फीडर मयूर, राजेश, शिव शक्ति, न्यू जेल, नुरपुर, डाडौला आरडीएस, डाडौला एपी, गोशाला एपी, नुरपुर एपी और पसीना एपी की सप्लाई सुबह आठ से 11 बजे तक बंद रही।

इधर, 33 केवी मोहाली से चलने वाले फीडर काला आंब व निंबरी की सप्लाई सुबह आठ से शाम पांच बजे तक बंद रही। 33 केवी काबड़ी से चलने वाले मिगलानी, बालाजी, बीएस फाइबर, गणेश, प्रेम कोटेक, मुंजाल, हिमसागर, टीडीआई, रामपुरा कॉलोनी, सिंघपुरा, मुंजाल, बीएमस, पोली, काबड़ी रोड, आरके, जीटी रोड, हरिनगर, सिद्धार्थ नगर, काबड़ी एपी और आवास ऑनलाइन की सप्लाई सुबह सात से 11 बजे तक बंद रही। दूसरी ओर, 220 केवी पावर हाउस समालखा से चलने वाले 11 केवी जिला सचिवालय, बिहोली इंडस्ट्री फीडर की सप्लाई सुबह नौ से 11 बजे तक, 132 केवी बिहोली से चलने वाले 33 केवी बिहोली और 33 केवी सब स्टेशन बिहोली की सप्लाई भी सुबह आठ से 10 बजे तक बंद रही।

वही, 33 केवी सब स्टेशन न्यू बोहली से चलने वाले फीडर सिंघपुरा डीएस, सिठाना डीएस, रिफाइनरी रोड, गोशाला एपी व फाटक एपी की सप्लाई भी सुबह आठ से 10 बजे तक बंद रही। जबकि 132 केवी उरलाना से चलने वाले 33 केवी सब स्टेशन नारा की सप्लाई सुबह आठ से 11 बजे तक और 132 केवी काबड़ी से 33 केवी सब स्टेशन जिला सचिवालय की सप्लाई सुबह पांच से छह बजे तक बंद रही।

नए कानूनों में दिए गए प्रावधानों में प्रत्येक कार्रवाई के लिए निश्चित समय सीमा निधारित

पुलिस अधिकारियों व कर्मियों को नए कानूनों की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत। पुलिस विभाग के सेमिनार को संबोधित करते हुए एसपी अजीत शेखावत। फोटो :हरिभूमि

पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत व अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अर्चना यादव ने रविवार को आर्य कॉलेज के सभागार में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन कर पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को तीनों नए कानूनों के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया। जबकि मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) संदीप चौहान, जिला न्यायवादी राजेश चौधरी, डीएसपी सतीश कुमार गौतम, नरेंद्र सिंह, संदीप कुमार, कृष्ण कुमार, एफएसएफ टीम इंचार्ज डॉक्टर नीलम आर्य भी उपस्थित रही। वही, पुलिस अधीक्षक अजीत शेखावत ने संबोधित करते हुए कहा कि तीन नए कानून भारतीय न्याय सहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा सहिता 2023 व साक्ष्य अधिनियम 1 जुलाई 2024 से लागू हो रहे है। जो भारतीय दंड सहिता (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) व भारतीय साक्ष्य अधिनियम का स्थान लेंगे। पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए नए कानूनों की जानकारी अनिवार्य है। सभी पुलिसकर्मी इनका गहनता से अध्ययन करें। नए कानूनों में दिए गए प्रावधानों में प्रत्येक कार्रवाई के लिए निश्चित समय सीमा निधारित की गई है। नए कानून के अनुसार पुलिस को शिकायत मिलने के तीन दिन के अंदर एफआईआर दर्ज करनी होगी। जिन केसों में 3 से 7 साल का प्रावधान है उन केसों में प्रारंभिक जांच के बाद एफआईआर दर्ज करनी होगी। एफआईआर दर्ज करने के बाद पीड़ित को मुकदमें की प्रगति बारे एसएमएस या अन्य इलेक्ट्रोनिक्स माध्यमों द्वारा 90 दिनों के अंदर अंदर जानकारी प्रदान की जाएगी। नए कानून में संगठित अपराध पर विशेष प्रावधान है। संगठित गैंग, सिंडिकेट चलाने वाले गिरोह के आरोपियों द्वारा अपराध कर काली कमाई से अर्जित की संपत्ति को अटेच करने के प्रावधान बारे विशेष रूप से दिया गया। अब जांच अधिकारी पुलिस अधीक्षक के माध्यम से न्यायालय में अपील कर आरोपियों की इस प्रकार से अर्जित की संपत्ति अटेच करवा सकेगा। एसपी शेखावत ने तीनों नए कानूनों में दिए प्रावधानों को पुलिकर्मियों को सरलीय भाषा में समझाकर जागरूक किया। एडीजे अर्चना यादव ने सेमिनार में पुलिसकर्मियों को संबोधित करते हुए तीनों नए कानूनों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि किसी भी अभियोग को अंकित करते समय कानून की पूरी तरह से जानकारी ग्रहण करें और अभियोग से संबंधित पूरे साक्ष्यों को एकत्रित किया जाए। ताकि साक्ष्य के अभाव में गुनाह करने वाला व्यक्ति किसी भी सूरत में सजा से न बच पाए।

पानीपत को जीरो ड्रापआउट करने के लिए शिक्षा रथ की शुरूआत करते हुए अतिथिगण।

पानीपत को जीरो ड्रापआउट करने के लिए शिक्षा रथ की शुरूआत

पानीपत। प्रवेश उत्सव के अंतर्गत पानीपत को जीरो ड्रॉपआउट करने के लिए आज अंशदान फाउंडेशन, सबको रोशनी फाउंडेशन व शिक्षा विभाग पानीपत द्वारा ईदगाह कॉलोनी, मॉडल टाउन से शिक्षा रथ की शुरूआत सतबीर गोयल प्रधान, सचिव विकास गोयल व डीईईओ राकेश बूरा ने नारियल फोडकर व हरी झंडी दिखाकर की। शिक्षा रथ का मुख्य उद्देश्य ड्रॉपआउट विद्यार्थियों के साथ-साथ अन्य विद्यार्थी भी जो किन्ही कारणों से विद्यालय में नहीं आ रहे हैं उनको शिक्षा के लिए स्कूलों में दाखिला दिलवाकर शिक्षा के लिए मुख्यधारा में लाना है। जिसके लिए आज राजकीय मॉडल स्कूल मॉडल टाउन,जीटी रोड, वीवर्स कॉलोनी, कस्तूरबा विद्यालय के स्टाफ सदस्यों के साथ ही जिले से अन्य स्कूलों के शिक्षकों ने ईदगाह कॉलोनी व आस-पास के क्षेत्र में जागरूकता रैली निकाली व मौके पर ही 25 विद्यार्थियों के दाखिले भी किए। इस अवसर पर बीईओ मतलौडा मनीष कुमार, प्रिंसिपल सुमेर सिंह, हेड टीचर मुकेश बोस, अनिल कुमार, जयदीप, बोधराज, विक्रम पानू, हरिओम, जितेंद्र कुमार, तेजप्रताप, राजेश कुमार, अनिता देवी, हेड टीचर रेखा मान, मोनिका, वेदमती, सोनिया, ज्योति, मीना आदि मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

हत्या के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

अंबाला। थाना पडाव में दर्ज हत्या के मामले में थाना पडाव के पुलिस दल ने कार्यवाही करते हुए आरोपी सुमित निवासी गावँ डोभ थाना सदर रोहतक जिला रोहतक व आरोपी महिला को गिरफ्तार किया। आरोपी महिला को न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत भेजा गया व आरोपी सुमित कुमार को न्यायालय के आदेशानुसार पुलिस रिमांड पर लिया गया है। इस मामले के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता संदीप कुमार निवासी पांची जाटान ने 17 मई 2024 को थाना पडाव में शिकायत दर्ज करवाई थी कि उसका भाई दीपक उर्फ सीटु 15 मई 2024 को पैसो के लेन-देन के लिये अम्बाला आया था जो अम्बाला छावनी बस स्टैंड से कही गुम हो गया है।

शराब की तस्करी के सात मामलों में 65 बोतल पकड़ी

अंबाला। अम्बाला पुलिस द्वारा चलाए गये विशेष अभियान के दौरान 19 मई 2024 को जिला अम्बाला के भिन्न-भिन्न थाना क्षेत्रों में अवैध शराब की तस्करी के मामले में अम्बाला पुलिस ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए 07 आरोपियों को (65 बोतल) देशी अवैध शराब सहित काबु कर जिला अम्बाला के भिन्न-भिन्न थानों में 07 मामलें दर्ज कर न्यायिक प्रक्रियानुसार कार्यवाही की गई। जो यह अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा।

गोलीकांड को किसान कभी भी भूल नहीं सकते

पाई । रविवार को पाईर् की अनाज मंडी में किसानों की एक विशाल रैली हुई। इसमें हरियाणा व पंजाब से आए किसानों ने देश की भाजपा सरकार के द्वारा किसानों के साथ की गई नाइंसाफी के बारे में विस्तार से किसानों का अवगत करवाया और अब चुनाव में भाजपा संगठन को वोट की चोट से हर हाल में हराये। इस जनसभा में सर्वप्रथम आंदोलन के दौरान शहीद हुए किसानों के प्रति दाम मिनट का शोक भी रखा गया। इसके बाद प्रदेश के बार्डरों पर 13 फरवरी के आंदोलन के बाद कि सानों के साथ हरियाणा की भाजपा सरकार ने कैसी बर्बरता की।

विवाहिता से मारपीट व छेड़खानी का आरोप

कैथल। विवाहिता से मारपीट करने और छेडखानी के आरोप में पुलिस ने उसके पति सहित चार के खिलाफ केस दर्ज किया है। पीड़िता ने ससुरालियों पर उसे जहर देकर मारने के प्रयास का भी आरोप लगाया है। राजौंद थाना के तहत आने वाले एक गांव निवासी 23 वर्षीय विवाहिता ने पुलिस को शिकायत दी कि उसकी शादी कुलदीप नाम के युवक के साथ हुई है। 18 मई को आरोपी कुलदीप ने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट की।

ऑस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर ठगे 10 लाख

कैथल। युवती को स्टडी वीजा पर ऑस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर एक एजेंसी के संचालकों ने 10 लाख 31 हजार 250 रुपये ठग लिए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। ढांड निवासी सोहल लाल ने पुलिस को शिकायत दी कि वह अपनी बेटी मनीषा को पढ़ाई के लिए विदेश भेजना चाहता था। इसके लिए उसने चंडीगढ़ में एमएस द स्फायर एजेंसी में संपर्क किया।

लोकसभा आम चुनाव-2024 में मतदान बढ़ाने की चुनाव आयोग की अनोखी पहल

मतदाताओं को भेजे जा रहे है निमंत्रण पत्र, हरियाणा में 25 को डलेंगे वोट

भेज रहे हैं, स्नेह निमंत्रण, मतदाता तुम्हें बुलाने को, 25 मई भूल न जाना, वोट डालने आने को

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| शहजादपुर/नारायणगढ़

निमंत्रण-पत्र
लोकसभा चुनाव-2024
स्वागतकर्ता : बूथ लेवल अधिकारी

शहजादपुर/नारायणगढ। गांव मंगलौर में बीएलओं वोटर स्लीप व निमंत्रण-पत्र मतदाताओं को वितरित करते हुए।

लोकसभा आम चुनाव-2024 में सभी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें इसके लिए चुनाव आयोग द्वारा मतदाताओं के घर बीएलओं के माध्यम से वोटर स्लिप के साथ-साथ निमंत्रण पत्र भी वितरण किया जा रहा है। बीएलओ वोटर इनफॉरमेशन स्लिप के वितरण के साथ ही निमंत्रण पत्र का वितरण भी कर रहे हैं। गांव मंगलौर में बीएलओं परम कला ने मतदाताओं को वोटर स्लिप के साथ ही चुनाव आयोग की ओर से मतदाताओं को मतदान करने के लिए भेजा गया निमंत्रण पत्र का भी वितरण किया और 25 मई को वोट डालने का अनुरोध किया। उन्होने कहा कि जिन लोगों का नाम मतदाता सूची में दर्ज है और उनके पास एपिक कार्ड नहीं है तो भी वे चुनाव में वोट डाल सकते है। मतदाता पहचान पत्र के अलावा अन्य वैकल्पिक दस्तावेजों का उपयोग करके भी वोट डाल सकते हैं। इसके लिए प्रत्येक मतदाता यह सुनिश्चित कर लें कि उनका नाम मतदाता सूची में अवश्य दर्ज हो। जिस मतदाता का नाम मतदाता सूची में है, केवल वही मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकता है। यदि किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची में है, लेकिन उसके पास मतदाता पहचान पत्र (एपिक) नहीं है तो वह निर्वाचन आयोग द्वारा निर्दिष्ट 11 वैकल्पिक पहचान पत्र दिखाकर अपना वोट डाल सकता है। प्रत्येक वोटर को मतदान केंद्र में अपने मत की गोपनीयता बनाए रखना अनिवार्य है और ये उसकी नैतिक जिम्मेवारी भी है।

यदि मतदाता के पास पुराना एपिक कार्ड है तो भी वह वोट डाल सकता है, बशर्ते कि उसका नाम उस क्षेत्र की मतदाता सूची में होना चाहिए। कोई भी मतदाता केवल तभी वोट डाल सकता है जब उसका नाम मतदाता सूची में दर्ज हो। एपिक के अलावा मतदाता आयोग द्वारा निर्दिष्ट 11 वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों का उपयोग करके भी वोट डाल सकते हैं। इन दस्तावेजों में पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, केंद्रीय, राज्य सरकार, सार्वजनिक उपक्रमों या सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंक या डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, पैन कार्ड, श्रम मंत्रालय द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, सांसदों, विधायकों/एमएलसी को जारी किए गए आधिकारिक पहचान पत्र और आधार कार्ड शामिल हैं।

निमंत्रण-पत्र कर रहा है मतदाताओं को आकृषित-मतदाताओं के लिए निमंत्रण पत्र को बेहद ही सुंदर ढंग से तैयार किया गया है और सभी औपचारिकताएं किसी सामान्य उत्सव के निमंत्रण की तरह ही लिखी गई है। यह चुनाव आयोग की एक अनोखी पहल जिसके तहत मतदाताओं को इस बार मतदान करने के लिए बुलाने हेतु विवाह शादी के कार्ड की तरह का कार्ड छपवाकर निमंत्रण पत्र भेजे जा रहे हैं। निमंत्रण पत्र को बेहद ही क्रिएटिव ढंग से तैयार किया गया है जो मतदाताओं का ध्यान आकर्षित कर रहा है विवाह के कार्ड के डिजाइन की भांति इस कार्ड पर लिखा गया है कि लोकसभा चुनाव में मतदान करने के लिए जरूर जरूर आना है।

भूल न जाना, वोट डालने आने

निमंत्रण पत्र पर वोटर जागरूकता से संबंधित सामग्री प्रकाशित की गई है इसके ऊपर मतदान करने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई है ताकि मतदाता को किसी प्रकार की परेशानी ना हो चुनाव प्रक्रिया से जुड़ी अनेक महत्वपूर्ण इनफॉरमेशन इस कार्ड पर अंकित की गई है। अपने क्षेत्र के उम्मीदवार की जानकारी प्राप्त करने के लिए केवाईसी ऐप डाउनलोड करें तथा पोलिंग बूथ की जानकारी के लिए वोटर हेल्पलाइन ऐप को डाउनलोड करने बारे भी कार्ड पर अंकित किया गया है। भेज रहे हैं, स्नेह निमंत्रण, मतदाता तुम्हें बुलाने को, 25 मई भूल न जाना, वोट डालने आने को मतदाताओं के लिए निमंत्रण पत्र में लिखा गया है कि भेज रहे हैं, स्नेह निमंत्रण, मतदाता तुम्हें बुलाने को, 25 मई भूल न जाना, वोट डालने आने को इतना ही नहीं, निमंत्रण पत्र में मतदाताओं के नाम संदेश भी दिया गया है कि भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा निर्धारित कार्यक्रम अनुसार लोकसभा चुनाव-2024 के मंगल उत्सव की पावन बेला पर मतदान करने हेतु आप तय दिवस व समय पर सपरिवार सादर आमंत्रित हैं। कार्यक्रम स्थल आपका मतदान केंद्र है। निमंत्रण पत्र में यह भी बताया गया है कि मतदान 25 मई को प्रातः 7 बजे से सायं 6 बजे तक होगा। निमंत्रण पत्र में अंकित किया गया है- स्वागतकर्ताः बूथ लेवल अधिकारी। निवेदकः जिला निर्वाचन अधिकारी, दर्शनाभिलाषी पीठासीन अधिकारी एवं समस्त मतदान दल सदस्य। बाल मनुहारः हमारे लोकसभा चुनाव में मतदान करने जरूर-जरूर पधारना।

आक्रमण अभियान के दौरान सीआईए अम्बाला के पुलिस दल ने की कार्रवाई

- थाना बलदेव नगर क्षेत्र से 01 किलोग्राम अफीम सहित आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

थाना बलदेव नगर क्षेत्र नजदीक सर्विस रोड जण्डली फ्लाई ओवर शमशान घाट के पास अफीम तस्करी के मामले में सीआईए-1 अम्बाला के पुलिस दल ने निरीक्षक हरजिन्द्र सिहं के नेतृत्व में सूचना के आधार पर तुरन्त कार्रवाई करते हुए आरोपी नरेन्द्र निवासी गावँ जिन्सीनगला थाना कादर चैंक जिला बदांयु उतरप्रदेश को 01 किलोग्राम अफीम सहित गिरफ्तार कर थाना बलदेव नगर में मुकदमा नम्बर 145 दिनांक 18 मई 2024 धारा 18-61-85 एनडीपीएस के तहत दर्ज किया। आरोपी नरेन्द्र को आज न्यायालय के आदेशानुसार रिमाण्ड प्राप्त किया गया है। बीती 18 मई 2024 को सीआईए-1 के पुलिस दल को सूचना मिली थी कि आरोपी नशा तस्करी का कार्य करता हैं । जो आज भी जंडली पुल से सर्विस रोड नजदीक शमशान घाट के पास बलदेव नगर जिला अम्बाला में किसी ग्राहक को मादक पदार्थ देने के लिए खडा है। यदि तुरन्त कार्यवाही की जाए तो उसे मादक पदार्थ सहित काबू किया जा सकता है। सूचना उपरान्त सीआईए-1 अम्बाला के पुलिस दल ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए थाना बलदेव नगर क्षेत्र नजदीक सर्विस रोड जण्डली फ्लाई ओवर शमशान घाट के पास खडे संदिग्घ व्यक्ति को साथी कर्मचारियो की मदद से काबू करके उसकी विधिपूर्वक तलाशी लेने पर उसमें 01 किलोग्राम अफीम बरामद हुई। आरोपी की पहचान आरोपी नरेन्द्र निवासी गावँ जिन्सीनगला थाना कादर चैंक जिला बदांयु उतरप्रदेश के रूप में हुई जिसे अफीम सहित गिरफ्तार कर थाना बलदेव नगर में मामला दर्ज किया गया।

कबूतरबाजी के मामले में दूसरा आरोपी गिरफ्तार

अंबाला। थाना सैक्टर-9 अम्बाला शहर में दर्ज कबूतरबाजी के मामले में 18 मई 2024 को पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी अंकुश राज उर्फ छोटू निवासी हरनी चाक महुली टोला फुलवारी शरीफ जिला पटना बिहार को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत भेजा। इस मामले में पहले गिरफ्तार आरोपी रोहित कुमार ने दौराने पूछताछ बतलाया कि अंकुश राज उर्फ छोटू भी इस मामले में संलिप्त है।इस मामले के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता सुखचैन सिहँ निवासी ईस्ट दुर्गानगर अम्बाला शहर ने 01 जून 2023 को थाना सैक्टर-9 अम्बाला शहर में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 01 जनवरी 2023 से 31 मई 2023 के दौरान आरोपी रोहित कुमार व अन्य ने उसे विदेश भेजने के मामले में उससे एक बड़ी रकम हड़पने की धोखाधड़ी करने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज करके कार्यवाही शुरू कर दी थी।

मतदान का न्योता दे रहे बीएलओ

- वितरित की जा रही वोटर स्लिप, मतदाता गाइड व आमंत्रण पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल। आमंत्रण पत्र को दिखाते मतदाता

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार ने बताया कि भारत एवं हरियाणा निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला में लोकसभा चुनाव में 25 मई को मतदान करने के लिए बीएलओ द्वारा मतदाताओं को घर-घर जाकर वोटर स्लिप, मतदाता गाइड व आमंत्रण पत्र दिया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अबकी बार लोकसभा चुनाव-2024 का थीम चुनाव का पर्व-देश का गर्व है। इसके साथ ही निर्वाचन आयोग द्वारा अनूठी पहल की गई है, जिसमें निमंत्रण पत्र तैयार किया गया है। इस निमंत्रण पत्र का स्लोगन-भेज रहे हैं निमंत्रण, मतदाता तुम्हे बुलाने को, 25 को भूल न जाना वोट डालने आने को, प्रमुख है। उन्होंने बताया कि बीएलओ वोटर स्लिप के साथ उक्त निमंत्रण पत्र भी परिवार को दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि निमंत्रण पत्र के पिछली ओर मतदान करने की पूरी प्रक्रिया भी अंकित की गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान प्रक्रिया में पांच चरण होते हैं। पहले मतदान के लिए लाइन में खड़ा होना है, उसके बाद मतदान अधिकारी मतदान सूची में मतदाता के नाम और उसके पहचान के दस्तावेज की जानकारी लेगा।

कार्यक्रम में दी नई शिक्षा नीति की जानकारी

- रिसोर्स पर्सन द्वारा बड़े ही मनोरंजक ढंग से अध्यापकों को प्रशिक्षित किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल। दो दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यक्रम के दौरान राधा कृष्ण स्कूल के अध्यापक

राधा कृष्ण सीनियर सेकंडरी विद्यालय में सीबीएसई द्वारा दिनांक 18 व 19 मई को हिंदी विषय पर दो दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ रिसोर्स पर्सन शमशेर शर्मा ,डॉक्टर ममता ग्रोवर ,प्रधानाचार्य मीनू व एम डी लाभ सिंह लैलर द्वारा मां सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्वलित करके किया गया। प्रताप पब्लिक स्कूल करनाल के हिंदी विभागाध्यक्ष शमशेर शर्मा व दयाल पब्लिक स्कूल करनाल के हिंदी विभागाध्यक्ष डॉक्टर ममता ग्रोवर रिसोर्स पर्सन रहे। उन्होंने रोचक गतिविधियों, नवाचारों का परिचय व नई शिक्षा नीति से शिक्षकों को अवगत करवाया ताकि वह इन तरीकों का उपयोग करके कक्षा में बच्चों का मानसिक विकास कर सकें और उन्हें हिंदी भाषा व भारतीय संस्कृति के महत्व को समझासके। रिसोर्स पर्सन द्वारा बड़े ही मनोरंजक ढंग से अध्यापकों को प्रशिक्षित किया गया। मीनू ने बताया की नई शिक्षा नीति के अनुसार सीबीएसई में 50 घंटे का शिक्षक प्रशिक्षण अनिवार्य होता है इसलिए हमें समय-समय पर इस तरह के कार्यक्रमो में भाग लेते रहना चाहिए। लाभ सिंह लैलर ने भी कार्यक्रम की सराहना की और बताया कि सीखने और शिक्षा ग्रहण करने की कोई उम्र नहीं होती मानव अनवरत जीवन पर्यंत शिक्षा ग्रहण करता है। इस कार्यक्रम में विद्यालय की तरफ से जलपान व्यवस्था उचित ढंग से सुनिश्चित की गई सभी अध्यापक इस प्रशिक्षण से पूरी तरह संतुष्ट थे और अन्य विद्यालयों से आए हुए सभी अध्यापकों ने विद्यालय के उचित प्रबंधन की सराहना की। कार्यक्रम के संचालन में प्रधानाचार्य के नेतृत्व में काजल अंजू गीता व अशोक ने पूर्ण सहयोग दिया।

फोटोयुक्त डिजिटल वोटर कार्ड डाउनलोड करना बेहद आसान

- यह सुविधा चुनाव आयोग की वेबसाइट वोटर्स डॉट ईसीआई डॉट जीओवी डॉट इन पर उपलब्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी डा0 शालीन ने कहा कि डिजिटलाइजेशन के दौर में चुनाव आयोग ने भी चुनाव से जुड़े महत्वपूर्ण कार्य ऑनलाइन कर दिए हैं।

चुनाव आयोग ने देशभर में डिजिटल मतदाता पहचान पत्र या इलेक्ट्रॉनिक इलेक्टोरल फोटो आईडी कार्ड यानी ई-ईपीआईसी की सुविधा शुरु कर रखी है। डीसी डॉ. शालीन ने कहा कि अगर मतदाता की वोटर आईडी कहीं गुम हो गई।

या वह वोटर कार्ड की डिजिटल कॉपी सहेज कर रखना चाहता है तो वोटर हेल्पलाइन एप या फिर चुनाव आयोग की वेबसाइट से अपना वोटर कार्ड आसानी से मोबाइल या कंप्यूटर पर डाउनलोड कर सकते हैं। डाउनलोड किया गया वोटर कर्ड भी मान्य होगा। खास बात ये है कि डिजिटल वोटर कार्ड ई-ईपीआईसी को डिजी लॉकर में भी अपलोड किया जा सकता है। इसके अलावा इसे प्रिंट भी कराया जा सकता है।

डिजिटल आईडी प्रूफ को मोबाइल फोन या डिजी लॉकर में कर सकते है स्टोर: जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी डॉ. शालीन ने कहा कि ई-ईपीआईसी वोटर कार्ड ओरिजिनल वोटर आईडी कार्ड का एक नॉन-एडिटेबल पीडीएफ वर्जन है। वोटर आईडी के पीडीएफ वर्जन को भी आइडेंटिटी के साथ एड्रेस प्रूफ के तौर पर इस्तेमाल किया जा सकता है। इस डिजिटल आईडी प्रूफ को आसानी से एक्सेस करने के लिए मोबाइल फोन या डिजी लॉकर में स्टोर करके रखा जा सकता है।

ऑपरेशन आक्रमण को जिला कैथल पुलिस ने किया सार्थक साबित

कैथल। आपरेशन आक्रमण के तहत पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर छापेमारी करते हुए आपराधिक मामलों में संलिप्त रहे 21 आरोपियों को धर दबोचने में सफलता हासिल की है। पुलिस पीआरओ ने बताया कि ऑपरेशन आक्रमण के तहत चले विशेष अभियान में एसपी उपासना के निर्देश पर सभी अपराध जांच शाखा एवं थाना व चौकी स्तर पर कुल 25 टीमों का गठन किया गया। जिसमें 87 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने विभिन्न जगहों पर रेड कर अपराधियों पर कड़ा प्रहार करते हुए अलग अलग शीर्षक के 11 मामले दर्ज किए गए।

उम्मीदवार के खाते में जुड़ेगा बल्क एसएमएस का खर्चः डॉ. शालीन

- आपत्तिजनक एसएमएस भेजने वालों पर भी रहेगी टीम की कड़ी नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. शालीन ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव में प्रचार के दौरान उम्मीदवार द्वारा थोक में भेजे जाने वाले एसएमएस का खर्च भी संबंधित उम्मीदवार के खाते में जोड़ा जाएगा।

चुनावी प्रचार अवधि के दौरान वैकल्पिक निर्वाचन के प्रचार के लिए बल्क (थोक) में भेजे गए एसएमएस की जानकारी जिला प्रशासन व संबंधित सहायक रिटर्निंग अधिकारी को मिलने पर वह सेवा प्रदाता से इस पर हुए व्यय का अनुमान लगवाकर इसे उम्मीदवार के खाते में जोड़ देगा।

डीसी डॉ. शालीन ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए हैं। आयोग के अनुसार मतदान संपन्न होने के लिए निश्चित किए गए समय की समाप्ति से 48 घंटे पहले तक की अवधि के दौरान राजनीतिक प्रकृति के थोक में एसएमएस भेजने पर प्रतिबंध रहेगा। जिला में प्रचार के दौरान मोबाइल सेवा प्रदाता सभी संबंधितों के नोटिस में ऐसे थोक एसएमएस की जानकारी मॉनिटरिंग टीम के संज्ञान में लाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण प्रक्रिया के साथ संपन्न करवाने के लिए भी आयोग ने निर्देश जारी किए हैं।

चुनाव प्रचार के दौरान आपत्तिजनक एसएमएस भेजने वालों पर भी टीम की कड़ी नजर रहेगी। आपत्तिजनक एसएमएस की जांच के दौरान एसएमएस भेजने वाले का पता लगाकर उसके खिलाफ नियमानुसार उचित कार्रवाई की जाएगी।

डिप्टी मेयर समेत तीन निगम सदस्यों ने छोड़ी हजपा, कांग्रेस का थामा दामन

अंबाला। हरियाणा जनचेतना पार्टी की ओर से लोकसभा चुनाव में भाजपा को समर्थन दिए जाने के बाद बगावत हो गई। रविवार को हजपा के डिप्टी मेयर राजेश मेहता ने दो निगम सदस्यों के साथ पार्टी छोड़ने का ऐलान कर दिया। प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी दीपक बाबरिया की अगुवाई में राजेश मेहता ने कांग्रेस में फिर वापसी की गई है। इसके साथ ही निगम सदस्य जसबीर सिंह व राकेश सिंगला ने भी हजपा को छोड़ने का निर्णय लिया है। तीनों सदस्यों ने कहा कि वे किसी की कठपुतली नहीं हैं। हजपा ने बिना किसी राय लिए बिना ही भाजपा को समर्थन देने का ऐलान किया था। इसकी वजह से पार्टी के ज्यादातर नेता बेहद परेशान हैं। अंबाला शहर नगर निगम का चुनाव राजेश मेहता ने कांग्रेस की टिकट पर जीता था। पार्टी की ओर से उन्हें वार्ड नंबर पांच से प्रत्याशी बनाया गया था। हालांकि चुनाव जीतते ही राजेश मेहता ने पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हजपा सुप्रीमो विनोद शर्मा की अगुवाई में कांग्रेस छोड़ दी थी। तब विनोद शर्मा की ओर से उन्हें डिप्टी मेयर बनाने का ऑफर दिया गया था। हालांकि निगम चुनाव के करीब दो साल तक डिप्टी मेयर व सीनियर डिप्टी मेयर का चुनाव नहीं हो पाया था। तब हजपा के निगम सदस्य जसबीर सिंह ने पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में याचिका दायर कर चुनाव करवाने की मांग की थी। इसके बाद राज्य सरकार ने हाईकोर्ट के आदेश पर डिप्टी मेयर व सीनियर डिप्टी मेयर का चुनाव करवाया था। तब दोनों पदों के लिए भाजपा व हजपा में सहमति हो गई थी। उस समय भाजपा की मीना ढींगरा को सीनियर डिप्टी मेयर बनाया गया था जबकि राजेश मेहता डिप्टी मेयर बने थे। डिप्टी मेयर बनने के बाद राजेश मेहता काफी समय से अपनी पार्टी से नाराज चल रहे थे। इसी वजह से उन्होंने पार्टी के ज्यादातर कार्यक्रमों से किनारा कर लिया था। नगर निगम के सदन की मीटिंग में भी वे मेयर शक्ति रानी शर्मा के बेशक खिलाफ नहीं बोले लेकिन उनका लेने से भी वे पीछे हटने लगे थे।

कर्मचारियों को पुरानी पेंशन नहीं दी जाएगी तो वह वोट नहीं देंगे

कैथल। पेंशन बहाली संघर्ष समिति जिला कैथल की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को अग्रसेन धर्मशाला नजदीक अनाज मंडी कैथल में हुई जिसकी अध्यक्षता विजेंद्र धारीवाल प्रदेश अध्यक्ष हरियाणा ने की और मंच संचालन सुरेंद्र माजरा जिला प्रधान कैथल ने किया । बैठक में विभागों, पदों और संगठनों बुलाकर सभी कर्मचारी साथी पुरानी पेंशन लागू करवाने के लिए एकत्रित हुए। कर्मचारियों ने एकमत से फैसला लिया कि अगर उनको पुरानी पेंशन नहीं दी जाएगी तो वह वोट नहीं देंगे। उनका नारा था, नो पेंशन नो वोट । बैठक में ऋषि नैन महासचिव हरियाणा ने साथियों को बताया की किस तरह से पुरानी पेंशन के लिए लगातार 2018 से ठहर पीड़ित कर्मचारी साथी संघर्ष कर रहे हैं। लेकिन सरकार उनकी बात नहीं सुन रही। सुरेंद्र माजरा जिला प्रधान कैथल ने कहा कि कर्मचारी अब एकजुट हो चुके हैं । कर्मचारियों के पास एकता की ताकत है। अब वह पुरानी पेंशन लिए बिना नहीं मानेंगे। क्योंकि नेता चार-चार पेंशन ले रहे हैं और कर्मचारी 30झ्र35 साल सरकारी नौकरी करने के बाद भी एक पेंशन का हकदार क्यों नहीं हो सकता।

बजरंग भवन में लगाया गया शिविर

नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर में 55 की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

कपिल आँखों का हस्पताल
श्री सनातन धर्म महावीर दल, नारायणगढ़
आँखों का मुफ्त चैकअप कैम्प

नारायणगढ़। कैंप में नेत्र रोगियों के नेत्रों की जांच करते विशेषज्ञ।

श्री सनातन धर्म महावीर दल नारायणगढ़ के तत्वाधान में रविवार को लगाये गये निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में 55 नेत्र रोगियों ने अपने नेत्रों की विभिन्न बिमारियों की जांच करवाई। स्थानीय बजरंग भवन में लगाया गया यह शिविर कपिल आई अस्पताल तथा माधव नेत्र बैंक के सहयोग से लगाया गया। महावीर दल के महासचिव राजेश वर्मा ने यह जानकारी देते हुये बताया कि इस शिविर में कपिल आई अस्पताल अम्बाला शहर से आई डॉक्टरों की टीम ने लोगों की आंखों की बिमारियों की जांच की तथा उन्हें निःशुल्क दवाईयां भी वितरित की तथा उन्हें चश्में के नंबर भी दिये गये। उन्होने बताया कि हर महीने के तीसरे रविवार को शिविर का आयोजन किया जाता है जिसमें लोग अपनी आंखों की जांच करवाकर लाभ उठा रहे हैं।

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर श्री सनातन धर्म महावीर दल के प्रधान प्रीतम लाल गुलाटी,संरक्षक विजय कंसल, पूर्व प्रधान जगदीश चन्द वर्मा, शिव कुमार शर्मा, उप प्रधान रामेश्वर शर्मा, आदर्श गुप्ता, विनोद वर्मा, कोषाध्यक्ष नरेश कुमार, कैम्प ईंचार्ज सतीश अग्रवाल, मा.सोमनाथ शर्मा, सोहन लाल धीमान सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।